# कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय

इन्द्रावती भवन, द्वितीय एवं तृतीय तल, नया रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) – 2018

## :: संक्षिप्त विज्ञापन ::

क्रमांक 306/232/सेट–18/2018 दिनांक 19/08/2018

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (नेट ब्यूरो) द्वारा **छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर** को **छत्तीसगढ़ सेट** हेतु **"राज्य एजेंसी"** के रूप में नियत किया गया है। सेट हेतु पात्र उम्मीद्वारों से ऑनलाइन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर के वेबसाइट **cgvyapam.choice.gov.in** पर आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाईन आवेदन पत्र भर कर ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 14.09.2018 (शुक्रवार) हैं । परीक्षा तिथि दिनांक 21.10.2018 (रविवार) है। सेट – 2018 के सम्बध में विस्तृत जानकारी हेतु रोजगार और नियोजन के आगामी अंक तथा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर के वेबसाइट **cgvyapam.choice.gov.in** पर देखे जा सकते है ।

**अपर संचालक**
उच्च शिक्षा संचालनालय,
इन्द्रावती भवन, नया रायपुर

Scanned by CamScanner

# कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय

## इन्द्रावती भवन, द्वितीय एवं तृतीय तल, नया रायपुर

## छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) – 2018

## :: विज्ञापन ::

क्रमांक 306/सेट–18/2018 दिनांक 19/08/2018

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (नेट ब्यूरो) द्वारा **छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर** को **छत्तीसगढ़ सेट–2018** हेतु **"राज्य एजेंसी"** के रूप में नियत किया गया है। सेट हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर के वेबसाइट **cgvyapam.choice.gov.in** पर आमंत्रित किये जाते हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | – | 20.08.2018 (सोमवार) |
| ऑनलाईन आवेदन पत्र भर कर ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | – | 14.09.2018 (शुक्रवार) |
| परीक्षा तिथि | – | 21.10.2018 (रविवार) |
| समय – | – | **Paper –I** पूर्वान्ह 10.00 बजे से 11.00 बजे तक |
| | – | **Paper–II** पूर्वान्ह 11.30 बजे से 1.30 बजे तक |
| परीक्षा केन्द्र : 05 संभागीय मुख्यालयों में | – | अम्बिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर एवं रायपुर । |
| परीक्षा शुल्क | – | सामान्य वर्ग – रू.350/– |
| | – | अन्य पिछड़ा वर्ग – रू.250/– |
| | – | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/निःशक्तजन/तृतीय लिंग – रू.200/– |

परीक्षा शुल्क का भुगतान बैंक डेबिट कार्ड (ए.टी.एम. कार्ड), क्रेडिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से ही ऑनलाइन किया जावेगा ।

**परीक्षा के विषय :–**

| स.क्र. | विषय | स.क्र. | विषय |
|---|---|---|---|
| 01 | Hindi | 02 | English |
| 03 | Political Science | 04 | Economics |
| 05 | Sociology | 06 | History |
| 07 | Geography | 08 | Physical Sciences |
| 09 | Mathematical Sciences | 10 | Chemical Sciences |
| 11 | Life Sciences | 12 | Computer Science &Applications |
| 13 | Commerce | 14 | Law |
| 15 | Sanskrit | 16 | Psychology |
| 17 | Library & Information Science | 18 | Physical Education |
| 19 | Home Science | | |



Scanned by CamScanner

1. **पात्रता की शर्ते (शैक्षणिक योग्यता) :–**

सेट परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष परीक्षा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम 55 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमिलेयर)/निःशक्त जन के लिये 50 प्रतिशत) अंक के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा **(न्यूनतम प्रतिशत के अंकों को राउण्ड ऑफ नहीं किया जावेगा)** । वे उम्मीदवार भी परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं जो स्नातकोत्तर या समकक्ष उपाधि की परीक्षा के अंतिम वर्ष में सम्मिलित हो रहे हैं, परंतु उन्हें उक्त स्नातकोत्तर या समकक्ष परीक्षा सेट **के परिणाम** की तिथि से **दो वर्ष** के अंदर न्यूनतम् निर्धारित प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण होना होगा।

नोट :–(i) अंकों में छूट एवं आरक्षण सम्बंधी लाभ केवल छत्तीसगढ़ के लिये अधिसूचित राज्य के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमिलेयर) तथा निःशक्तजन के अभ्यर्थियों को देय होगा ।

(ii) किसी भी विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में यू.जी.सी. द्वारा नेट के सम्बंध में जारी मार्गदर्शिका में दिये गये प्रावधान मान्य होगा।

(iii) वे अभ्यर्थी जिनके द्वारा भारतीय विश्वविद्यालय/संस्था से स्नातकोत्तर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट प्राप्त किया गया है अथवा विदेशी विश्वविद्यालय/संस्था से डिग्री/डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्राप्त किया गया है, वे स्वयं के हित में यह सुनिश्चत करेंगे कि उनके द्वारा प्राप्त डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों के स्नातकोत्तर उपाधि के समतुल्य है।

2. **परीक्षा के विषय :–**

**(i)** प्रश्न पत्र–I सभी परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है ।

**(ii)** प्रश्न पत्र–II विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुशंसित निम्न 19 विषय/विषय समूहों में आयोजित की जावेगी –

| स.क्र. | विषय | स.क्र. | विषय |
|---|---|---|---|
| 01 | Hindi | 02 | English |
| 03 | Political Science | 04 | Economics |
| 05 | Sociology | 06 | History |
| 07 | Geography | 08 | Physical Sciences |
| 09 | Mathematical Sciences | 10 | Chemical Sciences |
| 11 | Life Sciences | 12 | Computer Science &Applications |
| 13 | Commerce | 14 | Law |
| 15 | Sanskrit | 16 | Psychology |
| 17 | Library & Information Science | 18 | Physical Education |
| 19 | Home Science | | |

3. **परीक्षा पद्धति –**

**(i) सेट की परीक्षा में दो प्रश्न पत्र होंगे। सभी प्रश्न पत्र में केवल बहुविकल्पी वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।**

| प्रश्न पत्र | अंक | प्रश्नों की संख्या | समयावधि |
|---|---|---|---|
| I | 100 | 50 प्रश्न – सभी अनिवार्य | 1 Hour (10:00 A.M. to 11:00 A.M.) |
| II | 200 | 100 प्रश्न – सभी अनिवार्य | 2 Hours (11:30 A.M. to 1:30 P.M.) |

Paper I- प्रथम प्रश्न पत्र अनिवार्य है। यह प्रश्न पत्र साधारण प्रकृति का है जिसमे अभ्यर्थी के पठन–पाठन एवं अनुसंधान की प्रवृत्ति को ऑकलन के लिए तथा अभ्यर्थी की तार्किक क्षमता, समझने की योग्यता, विस्तृत एवं विविध सोच, सामान्य जागरूकता आदि के परीक्षण के लिए प्रश्न पूछे जावेंगे । इस प्रश्नपत्र में 50 प्रश्न होगे; जिसमें से अभ्यर्थी द्वारा सभी 50 प्रश्नों का उत्तर देना अपेक्षित है । प्रत्येक प्रश्न हेतु 02 अंक निर्धारित होगें।



Scanned by CamScanner

Paper II- इस प्रश्न पत्र में अभ्यर्थी द्वारा चयन किये गये विषय के संपूर्ण पाठ्यक्रम (पूर्व में निर्धारित प्रश्न पत्र II & III हेतु पाठ्यक्रम, दोनों सम्मिलित) पर आधारित 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जावेंगे जिसमें प्रत्येक प्रश्न के लिये 02 अंक निर्धारित है। इस प्रश्न पत्र में पाठ्यक्रम वही होगा जो प्रश्न पत्र द्वितीय एवं प्रश्न पत्र तृतीय का पाठ्यक्रम है।

**(ii)** परीक्षा परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया एवं मापदंड –
This will comprise of the following :
"TOP 6% of the appearing candidates who appear in Paper I & Paper II both and secure at least 40% aggregate marks in both the papers taken together for candidates belonging to General Category and at least 35% aggregate marks for candidates belonging to reserved categories, viz. SC, ST, OBC (belonging to Non Creamy Layer) & PWD and Transgender will be declared qualified for Eligibility for Assistant Professor by following the reservation policy of the State Government.
It may be noted that the above qualifying criteria is final and binding."

**(iii)** ऐसे निःशक्तजन, जो अपने हाथ से लिख नहीं सकते, को लेखक की सहायता इसी प्रकार उपलब्ध करायी जा सकती है बशर्ते कि उनके द्वारा परीक्षा शहर में कोऑर्डिनेटर के पास कम से कम एक सप्ताह पूर्व लिखित अनुरोध किया गया हो एवं उन्हें प्रथम प्रश्न पत्र के लिये 20 मिनट तथा द्वितीय प्रश्न के लिये 40 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा।

4 सेट परीक्षा का आयोजन राज्य के शासकीय तथा अशासकीय (सहायता प्राप्त तथा गैर सहायता प्राप्त) महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक, ग्रन्थपाल, क्रीड़ा अधिकारी तथा राज्य विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक, सहायक ग्रन्थपाल, सहायक संचालक (शारीरिक शिक्षा) की नियुक्ति हेतु पात्रता निर्धारण के लिए है।

5. परीक्षा पाठ्यक्रम, परीक्षा शुल्क भुगतान एवं सेट से संबंधित अन्य विस्तृत शर्तें व जानकारी व्यापम के वेबसाइट cgvyapam.choice.gov.in पर 20 अगस्त, 2018 से उपलब्ध रहेगा ।

6. अंग्रेजी तथा हिन्दी में मुद्रित प्रश्नों में किसी भी प्रकार का अंतर पाये जाने पर अंग्रेजी में मुद्रित प्रश्न ही अंतिम माना जायेगा ।

7. सेट हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किये जावेंगे । किसी भी प्रकार का मेनुअल अथवा डाक द्वारा भेजे गये आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होंगे ।

**परीक्षा निर्देश** – व्यापम द्वारा जारी परीक्षा निर्देश व्यापम की वेबसाइट cgvyapam.choice.gov.in पर 20 अगस्त, 2018 से उपलब्ध रहेगा, जिसमें ऑनलाइन आवेदन का प्रारूप, आवेदन पत्र भरने की विधि, आवेदन पत्र में फोटो, हस्ताक्षर एवं बांऐ हाथ के अंगूठे का निशान स्केन करने एवं पेस्ट करने की विधि, ऑनलाइन पेमेंट की विधि, अभ्यर्थी को प्राप्त रजिस्ट्रेशन आई.डी. नंबर के आधार पर ऑनलाइन एडमिट कार्ड प्राप्त करने की विधि तथा अन्य जानकारियॉ उपलब्ध रहेगी ।

उपरोक्त विज्ञापन छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर की सहमति से जारी किया जा रहा है । उक्त पात्रता परीक्षा का आयोजन अपरिहार्य कारणों से कभी भी स्थगित अथवा निरस्त किया जा सकता है । इसके लिए कारण बताने की अनिवार्यता नहीं होगी ।

**आयुक्त**
उच्च शिक्षा
रायपुर



Scanned by CamScanner